SURYA FOUNDATION

# सूर्या फाउण्डेशन

## मासिक पत्रिका

## अगस्त – 2024




शिक्षा

स्वास्थ्य

पर्यावरण

स्वावलंबन

समरसता

# संदेश...



**पद्मश्री**
**जयप्रकाश अग्रवाल**
**चेयरमैन - सूर्या फाउण्डेशन**

ग्राम विकास से देश विकास के मॉडल को सामने रखकर आप सभी एक ऐसा गाँव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहाँ सभी ग्रामीण शिक्षित हों, स्वस्थ हों, निरोगी हों, हर हाथ को काम, हर खेत को पानी हो, आपस में मिलकर रहें, पूरा गाँव स्वच्छ हो, नशामुक्त हो, गाँव के सभी किसान समृद्ध व खुशहाल हों।

पिछले दिनों आप लोगों ने जल संरक्षण के माध्यम से नये तालाबों का निर्माण, गहरीकरण, मेड़बंदी, डबरी निर्माण, सोख्ता गड्ढे का निर्माण, वाटर टैंक निर्माण एवं पर्यावरण को बचाने के लिए फलदार, छायादार, औषधीय पौधे लगाये व सामूहिक रूप से वृक्षारोपण महाभियान चलाया। इस पुनीत कार्य में सबकी अधिक से अधिक सहभागिता रही एवं अधिक से अधिक ग्रामवासी इस कार्यक्रम में भाग लिये। ''पर्यावरण की रक्षा दुनियाँ की सुरक्षा'' इस वाक्य को चरितार्थ करने के लिए आपने मनोयोग से इस काम को पूरा किया। आप सब को बहुत-बहुत बधाई।

आने वाले समय में सेवा पखवाड़ा के माध्यम से गाँवों में अलग-अलग सेवा के कार्य को उत्साह से पूरा करेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

## मेरा गाँव
## मेरा बड़ा परिवार






संस्था के चेयरमैन पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल जी द्वारा सूर्या साधना स्थली झिंझोली में वृक्षारोपण।

# सूर्या संस्कार केन्द्र के बच्चों द्वारा रूप सज्जा प्रतियोगिता







श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर उत्तराखण्ड क्षेत्र के ग्राम टीला में सूर्या संस्कार केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को राधा कृष्ण बनाकर पूरे गाँव में झाँकी निकाली गई। इससे गाँव में भक्ति एवं समरसता का वातावरण बना। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे-छोटे भैया बहनों को अध्यात्म से जोड़ना है इसके साथ ही जब बच्चा किसी भी रूप को धारण करता है तो उस महापुरुष के गुणों को भी अपने अन्दर धारण करने का प्रयास करता है, साथ जी वह अपनी प्राचीन परम्पराओं से भी जुड़ता है।

# सीमा सुरक्षा बलों के जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर दिया सम्मान



सूर्या संस्कार केन्द्र के बहनों द्वारा सीमा सुरक्षा बल के जवानों को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही जवानों ने भी देश की रक्षा करने का संकल्प दिया। फौजी हमारे देश की आन, बान, शान हैं वह देश की सीमाओं पर रहकर अपने देश की सुरक्षा करते हैं, उन्हीं के कारण हम देश के अन्दर खुशहाल रहकर हम अपने घरो में दैनिक जीवन के साथ त्यौहार मनाते हैं। लेकिन फौजी सीमा की सुरक्षा के कारण त्यौहार नहीं मना पाते हैं। इसलिए संस्कार केन्द्र की बहनों ने उनकी बटालियन में ही जाकर फौजी भाईयों को रक्षा सूत्र बांधकर उत्सव मनाया।




दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)

# सामूहिक वृक्षारोपण

इस वर्ष देशभर के 10 राज्यों के 350 गाँवों में एक लाख पौधे लगाये गये। जिसमें 26 स्थानों पर सामूहिक वृक्षारोण किया। इसमें 2600 फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाये गये। संस्था द्वारा जहाँ जमीन बंजर खाली पड़ी थी पौधों को सार्वजनिक एवं सरकारी स्थानों पर वहाँ सेवाभावियों के द्वारा साफ-सफाई कर सामूहिक वाटिका का निर्माण किया गया। जिसमें सभी वृक्षों की देखरेख एवं रखरखाव की जिम्मेदारी वहाँ के स्थानीय लोगों को दी गई। समय-समय पर संस्था द्वारा सभी सामूहिक वाटिकाओं का निरीक्षण भी किया जायेगा। इस वाटिका से ना केवल पार्यावरण ही शुद्ध होगा बल्कि इसके माध्यम से किसान की आय बढ़ेगी और उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। साथ ही क्षेत्र के लोगों को जैविक तरीके से तैयार किये गये फल प्राप्त होंगे, इससे उनका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।




दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)




कौशाम्बी (उ.प्र.)


राजस्थान


मध्य प्रदेश


छत्तीसगढ़

# वृक्षारोपण महाअभियान

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा देशभर के 16 राज्य के 350 गाँव में वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम किया गया। जिसमें कुल एक लाख वृक्ष लगाये गये। जिसमें फलदार, छायादार और औषधीय वृक्ष सामिल हैं। साथ ही 26 स्थानों पर सामूहिक रूप से 2600 वृक्ष लगाये गये। एक पेड़ माँ के नाम पर 550 वृक्ष मित्रों के द्वारा आँवला का पेड़ रक्षाबंधन में परिवारों के द्वारा रक्षासूत्र बांधकर उसकी रक्षा और संकल्प करके लगाया गया। वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य हमारे पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ हमें आक्सीजन प्रदान करना है। संस्था द्वारा फलदार पौधे भी लगाये गये हैं जिससे ग्राम वासियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और उन्हें शुद्ध फल खाने को मिलेंगे, इससे उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। वृक्षारोपण पर्यावरण को भी संतुलित करने का काम करते हैं।














**सूर्या फाउण्डेशन द्वारा चलाए जा रहे 6.25 करोड़ वृक्षारोपण महाअभियान का विवरण**

| वर्ष | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फलदार | 3270874 | 1788133 | 2817747 | 266081 | 227811 | 135440 | 91431 | 62500 |
| छायादार | 7850092 | 8940668 | 6233967 | 183562 | 186528 | 51370 | 36119 | 32000 |
| औषधीय | 1962523 | 1192090 | 1001479 | 84056 | 86222 | 25573 | 17058 | 5500 |
| कुल | 13083489 | 11920891 | 10053139 | 533699 | 500561 | 212383 | 144608 | 100000 |

अब तक हुये वृक्षारोपण की कुल संख्या :- **3,65,48,770**





















# प्रशिक्षण शिविर








मेरठ (उ.प्र.) के अतराड़ा गाँव में 5 दिवसीय महिला स्वावलंबन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें 4 स्वयं सहायता समूह से 15 महिलाओं को दस प्रकार के क्लीनिंग प्रोडक्ट बनाना सिखाया गया। प्रशिक्षक संजय जी ने क्लीनिंग प्रोडक्ट में डिटर्जेंट पाउडर एवं लिक्विड डिटर्जेंट, गोनायल, डिसवॉस आदि बनाने की ट्रेनिंग दी। इस प्रशिक्षण के बाद समूह की महिलायें क्लीनिंग प्रोडक्ट बनाकर बेचेंगी। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, साथ ही सभी प्रोडक्ट रसायन मुक्त हैं इससे रसायन से होने वाले त्वचा के रोगों को रोकने में मदद मिलेगी।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लगाया स्टॉल

21 अगस्त विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर IIM COLLEGE काशीपुर (उत्तराखण्ड) के द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें काशीपुर ब्लॉक एवं जसपुर ब्लॉक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हाथों से निर्मित सामानों का स्टॉल लगाये गए। इसमें सूर्या फाउण्डेशन की प्रेरणा से संचालित समूह की बहनों ने भी स्टॉल लगाया।







# उत्सव से रोजगार...






सूर्या प्लांट ग्वालियर, भिण्ड (म.प्र.) में रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राखी बनाकर स्टॉल लगाया गया। स्टॉल से लोगों ने खूब खरीददारी की।





काशीपुर, उत्तराखण्ड में भरतपुर कलस्टर की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मोदी जी के मन की बात प्रोग्राम को सुनते हुये जिसमें प्रधानमंत्री मोदी जी महिलाओं को लखपति दीदी बनने व उनके कार्य के बारे में वार्ता की।




समूह की महिलाओं को हथकरघा कार्य की शुरुआत के संबंध में चर्चा करते हुये।




समूह की बहनों को लखपती दीदी बनने के विषय में चर्चा करते हुए कार्यकर्ता।

# सूर्या कम्प्यूटर केन्द्र के मेधावी छात्रों का सम्मान



गाँव सर्वा, जिला भिण्ड (मध्य प्रदेश) में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री आदित्य तोमर जी के द्वारा कम्प्यूटर केन्द्र के मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। इसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। साथ ही उन्होंने बताया कि बच्चों को तकनीकि शिक्षा मिले इसके लिए सूर्या फाउण्डेशन हमारे विद्यालय में कम्प्यूटर केन्द्र का संचालन कर रहा है। इससे बच्चे कम्प्यूटर सीखने के प्रति बहुत उत्साहित हैं।





# पशु चिकित्सा शिविर

उत्तर प्रदेश राज्य के मथुरा जिला के गाँव नगलावर में सूर्या फाउण्डेशन द्वारा पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमे केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान के डॉ. सुभाष जी का रहना हुआ। उन्होंने पशुओं मे होने वाली सामान्य बीमारी, उसके बचाव एवं रोकथाम व घरेलू इलाज की जानकारी दी। इस दौरान 33 भैंस, 19 गाय व 67 बकरियों की जाँच कर दवाई दी गई।








# फायर सेफ्टी शिविर

हिंदूपुर (आन्ध्र प्रदेश) के गोल्लापुरम गाँव में लोगों को फायर सेफ्टी की सामान्य सुरक्षा की जानकारी दी गई, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रभाकर (सेफ्टी ऑफिसर) जी सहयोगी टीम सरपंच श्री देवराजू जी, शिवालय चेयरमैन श्री चंद्रशेखर जी व गाँव के लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सेफ्टी ऑफिसर ने बताया कि अगर गैस सिलेण्डर से आग लग जाए तो हम किस तरह बिना कोई खतरा के सामान्य रूप से आग को बुझा सकते हैं और उसे किस तरह से रोक सकते हैं उसके बारे में भी जानकारी दी गई। आज हम देखते हैं कि छोटी गलती बड़ा नुकसान बन जाती है, हमारे घर के रसोई घर के पाइप पुराने हो जाने पर लीकेज होता है, और वह आग का बड़ा रूप ले लेती है, कई महिलाओं रसोई में काम करती है और आग का शिकार बन जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुये इस कार्यक्रम में छोटी-छोटी गलतियों से कैसे बचा जा सकता है इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई।





# समाचार पत्रों में कार्यक्रम की झलकियाँ...

## सूर्या फाउंडेशन ने किया पौधरोपण



बहादुरगढ़। पौधरोपण करते रविंद्र छिल्लर व सूर्या फाउंडेशन से जुड़े लोग।

बहादुरगढ़। सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत बहादुरगढ़ और जाखौदा जलघर में पौधरोपण किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पार्षद रविन्द्र छिल्लर के अलावा पवन, राजवीर, कालेश्वर, अवधेश, संजय, धर्मवीर, मनोज सोमवंशी, विकास विश्वकर्मा आदि ने शिरकत की। उनके अनुसार प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। इस मौके पर सूर्या संस्कार केंद्र व 60 युवाओं द्वारा पौधरोपण किया गया और उनकी देखभाल का संकल्प लिया गया। इस मौके पर कवल कुमार, महानारायण, अरुण राजपूत, श्याम कुमार प्रिंस आदि उपस्थित रहे।

## सूर्या फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किया गया सामूहिक पौधरोपण





## सूर्या फाउंडेशन द्वारा एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण



कालवाड़ टाइम्स

निमेड़ा मुन्ना चौधरी सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गांव योजना प्रकल्प के तहत देशभर में जारी वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत इस रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जयपुर में सूर्या फाउण्डेशन द्वारा संचालित सभी 9 गांव के सभी कार्यकर्ताओं ने एक पौधा मां के नाम के विषय पर अपने परिवार जन के साथ आंवला का पौधा लगाया साथ ही पौधे को रक्षा सूत्र बांधकर उसे संरक्षण देने का भी संकल्प लिया। रहे। इस कार्यक्रम के तहत निमेड़ा में जेएसपी सूरज सैन, सुजीत प्रजापत, नन्दपुरा बासडा में मंगलचंद, सरदारपुरा में विष्णु कुमावत, नन्दविहार में संध्या शर्मा, बजरंग लाल प्रजापत,नटलालपुरा में राजेंद्र शर्मा, श्याम वाटिका में मोहित पारीक, विदावका में विजय, मुंडिया रामसर में कन्हैया व मुंडिया पुरोहितान में विनोद संकेरिया ने वृक्षारोपण किया।

## सूर्या फाउंडेशन ने लगाया पशु चिकित्सा शिविर

स्वदेश समाचार ■ पहड़



गांव में भैंस की जांच करते पशु चिकित्सक।

सूर्या फाउंडेशन ने आदर्श गांव योजना के अंतर्गत ब्रज क्षेत्र के गांव नगलानार में पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें पशुओं में होने वाली बीमारी और उनसे बचाव के उपाय बताए।

इस दौरान केंद्रीय बकरी अनुसन्धान केंद्र से आए डॉ. सुभाष कुमार ने बताया कि बारिश के मौसम में पशुओं को कुछ बीमारी आमतौर पर होती हैं, जिनका सुरक्षित रखरखाव एवं सूखा चारा खिलाकर बचा जा सकता है। ज्यादातर बीमारी पशुओं में जो होती है वह आसपास के गंदे वातावरण एवं संक्रमण के कारण होते है। हमें उनसे बचने के लिए उनके रहने के स्थान को साफ स्वच्छ रखना चाहिए या समय-समय पर चूना का छिड़काव करके भी उनको सुरक्षित रखा जा सकता है। कुछ बीमारियां ऐसी होती है जिनकी दवा हर 6 महीने पर लेते रहना चाहिए जैसे कि चीचड़, पेट में कीड़े इत्यादि इससे बचने के लिए वर्ष में एक बार टीका जरूर लगवाना चाहिए। पशुओं के भोजन करने के स्थान की सफाई भी नियमित होना चाहिए। क्षेत्र प्रमुख आदर्श मिश्रा ने बताया की सूर्या फाउंडेशन संस्था ग्राम विकास हेतु संकल्पित है जो शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, समरसता व स्वावलम्बन जैसे आयामों को लेकर पूरे देश भर में कार्य कर रही है। इसी के तहत यह शिविर लगाया गया और आगे भी ऐसे शिविर आयोजित होते रहेंगे। इस दौरान 33 भैंस, 19 गाय व 67 बकरियों की स्वास्थ्य जांच की गयी। कार्यक्रम में राजकुमार झा, अनिल कुमार, विमला देवी सहित 30 ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## Rakesh Mahato of Surya Foundation made farmers aware about Birsa Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana

**Ramgarh:** Surya Foundation conducted an awareness campaign among the farmers of Mahua Tola village on Wednesday regarding Birsa Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana. During this, Rakesh Kumar Mahato of Surya Foundation made the farmers aware and said that they should go to the nearest PACS and get their paddy and maize crops insured for just 1 rupee. So that in case of damage to the crops in the fields, your crop can be covered by insurance. During this, Rakesh Kumar Mahato motivated the farmers for insurance and also got the form of 12 farmers filled under Birsa Pradhan Mantri Fasal Yojana. The farmers who filled the form include Bhim Mahato, Rakesh Kumar.


**SURYA FOUNDATION**

B-3/330, Paschim Vihar, New Delhi-110063

Tel. : +91-25261588, 25253681 | +91-9310214842

Email: contact@suryafoundation.org | www.suryafoundation.org